4	बांसवाड़ा कुशलबाग ग्राउण्ड के पास बांसवाड़ा (055600) श्रीमती सीमा प्रजापत A/C No.–055600NC00005716 ऋणी:- श्रीमती सीमा प्रजापत पत्नी श्री वैभव प्रजापत; मुस्लिम कॉलोनी, तहसील-जिला-बांसवाड़ा, (राजस्थान) - 327001 एवं फ्लेट नं.208, 'बालाजी हाइट्स', सन्मति नगर, जनवारी बी, तहसील जिला बांसवाड़ा, (राजस्थान) - 327001	साम्यिक बंधक आवासीय फ्लेट नंबर 208, "बालाजी हाइट्स", सन्मति नगर, (सर्वे नंबर 230, 232, 233, 273, 317/229 और 345/299) राजस्व ग्राम-जनवारी 'बी', तहसील और ज़िला-बांसवाड़ा (राजस्थान) 327001 में स्थित; क्षेत्रफल:- 488 वर्गफ़ीट (बिल्ट-अप एरिया) और 748 वर्गफ़ीट (सुपर बिल्ट-अप एरिया) है। सीमाएँ:- पूर्वः ग्राउंड फ़्लोर एवं 30 फ़ीट की सड़क; पश्चिमः लॉबी; उत्तरः फ़्लैट नंबर 209; दक्षिणः फ़्लैट नंबर 207	ए) 28.02.2026 एवं रू. 11,09,883.18/- बी) दिनांक 16.03.2026 एवं रू. 11,17,753.18/- + से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 26.05.2026 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 8,60,000/- (B) रू. 86,000/- / 25.11.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 17.11.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं
5	पीएनबी उदयपुर, मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया (972500) श्री कमलेश पाटीदार पुत्र श्री खेम जी पाटीदार खाता संख्या– 972500NC00000156 श्री कमलेश पाटीदार पुत्र श्री खेम जी पाटीदार (ऋणी), पताः ग्राम बड़ोदा, पाटीदार एरिया, आसपुर रोड, डूंगरपुर राजस्थान– 314038 Mob No. - +91- 8824223587 एवं फ्लैट नंबर 707, डी टावर, सांची ग्रुप, कलादवास, उदयपुर, राजस्थान – 313003 Mob No. - +91- 8824223587	साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट सम्पत्ति जो आराजी नंबर 2815mi, 2818mi, 2816, एवं 2817, फ्लैट नंबर 802, 8वीं मंजिल, टावर नंबर 2–बी, 2–बीएचके फ्लैट "घर आंगन", राजस्व ग्राम कलादवास, तहसील गिरवा, जिला उदयपुर, राजस्थान में स्थित है। क्षेत्रफल 855 वर्गफुट।	ए) 28.02.2026 एवं रू. 11,55,788.14/- बी) दिनांक 18.03.2026 एवं रू. 11,55,788.14/- + से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 08.06.2026 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 14,00,000/- (B) रू. 1,40,000/- / 02.12.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 03.12.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 23.11.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं
6	पीएनबी गांधी नगर पुर रोड शाखा, भीलवाड़ा–466700 मैसर्स श्री देव एंटरप्राइजेज जरिये प्रोपराइटर श्री ओम प्रकाश बैरवा खाता संख्या– 1870210000727 ऋणीः मैसर्स श्री देव एंटरप्राइजेज जरिये प्रोपराइटर श्री ओम प्रकाश बैरवा, 708, जाटों के मंदिर के पास, सांगानेर, भीलवाड़ा, राजस्थान–311001 (प्रोपराइटर) श्री ओम प्रकाश बैरवा पुत्र श्री गणेश लाल बैरवा (बंधककर्ता), श्रीमती ईजी देवी पत्नी श्री गणेश लाल बैरवा दोनों निवासीः 708, वार्ड नंबर 42, जाटों के मंदिर के पास, सांगानेर, भीलवाड़ा, राजस्थान–311001	साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति जो वार्ड नंबर 42, राणा सांगा चौराहा के पास, सांगानेर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 95.86 वर्गगज है श्रीमती ईजी देवी पत्नी श्री गणेश लाल बैरवा के नाम से है। सीमाएं:– पूर्वः 16' सड़क; पश्चिमः श्री पन्ना लाल जाट की संपत्ति; उत्तरः श्रीमती लादू देवी एवं श्रीमती जस्सू देवी की संपत्ति; दक्षिणः श्री आज़ाद रंगरेज की संपत्ति	ए) 02.05.2022 एवं रू. 7,51,112.00/- बी) दिनांक 21.04.2023 एवं रू. 8,30,146.00/- + से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 10.07.2023 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 12,60,000.00/- (B) रू. 1,26,000.00/- / 02.12.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 03.12.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 23.11.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं
7	पीएनबी भोपालगंज, भीलवाड़ा (005200) मिश्री लाल लोहार पुत्र श्री नंदा लोहार, खाता संख्या 005200NC00006961 1. श्री मिश्री लाल लोहार पुत्र श्री नंदा लोहार (मृतक) (ऋणी), मकान नंबर 2, हाडा रिसोर्ट के पास, हमीरगढ़, भीलवाड़ा, राजस्थान 311028, 2. श्री मुकेश लोहार पुत्र श्री मिश्री लाल लोहार (सह–ऋणी एवं मृतक के कानूनी वारिस), मकान नंबर 2, हाडा रिसोर्ट के पास, हमीरगढ़, भीलवाड़ा, राजस्थान 311028, 3. श्री कैलाश चंद्र लोहार पुत्र श्री मिश्री लाल लोहार (सह–ऋणी एवं मृतक के कानूनी वारिस), मकान नंबर 2, हाडा रिसोर्ट के पास, हमीरगढ़, भीलवाड़ा, राजस्थान 311028, 4. श्री नरेश कुमार टेलर पुत्र श्री अशोक कुमार तेली (गारंटर), तेली गली, हमीरगढ़, भीलवाड़ा राजस्थान 311028	साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति जो प्लॉट नंबर–2, आराजी नंबर 1547/3, 1547/4, राजस्व ग्राम हमीरगढ़, ग्राम पंचायत हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 में स्थित है। क्षेत्रफल 300 वर्गफुट, स्वर्गीय श्री मिश्री लाल लोहार पुत्र श्री नंदा लोहार के नाम से है। सीमाएं:– पूर्वः प्लॉट नंबर–3; पश्चिमः प्लॉट नंबर 01; उत्तरः सड़क; दक्षिणः अन्य आराजी।	ए) 04.01.2018 एवं रू. 10,21,506.00/- बी) दिनांक 14.11.2023 एवं रू. 15,38,322.00/- + से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 06.03.2024 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 8,20,000/- (B) रू. 82,000.00 /- / 02.12.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 03.12.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 23.11.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं
8	077210-उदयपुर–फतेहपुरा अजय अरोड़ा खाता सं. 07726011001616 ऋणी:- स्व. श्री अजय अरोड़ा पुत्र श्री ओम प्रकाश अरोड़ा फ्लेट नं. 103, प्रथम तल, टावर नं. 6, लैंडमार्क ट्रेजर टाउन, मनोहरपुरा, बड़गांव, गौरव प्रताप केंद्र के पास, जिला उदयपुर - 313001	साम्यिक बंधक संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें फ्लैट नं. 103, भूतल, बिल्डिंग नं. 6, लैंडमार्क ट्रेजर टाउन, प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 1413 से 1417, 1418 एमआई, 1421 से 1429, 1986/1418, 1985/1419, राजस्व ग्राम बडग़ांव, मनोहरपुरा, जिला उदयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1350.00 वर्ग फुट है। सीमाएं- पूर्वः फ्लैट नं. 104, पश्चिमः खाली पार्किंग एवं लॉबी, उत्तरः इंटरनल रोड़, दक्षिणः फ्लैट नं. 102	ए) 12.06.2026 एवं रू. 17,70,364.52 /- बी) दिनांक 29.05.2026 तक बकाया व दिनांक 28.05.2026 से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 25.08.2026 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 22,95,000/- (B) रू. 2,29,500/- / 02.12.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 03.12.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 23.11.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं
9	सदर बाजार चित्तौड़गढ (357600) श्री अनिल कुमार झा पुत्र दिनेश्वर झा खाता सं. 357600NC00089856, 3576009900001125 ऋणीः श्री अनिल कुमार झा पुत्र श्री दिनेश्वर झा (ऋणी), मकान नं. 7/33 एमआईजी ए, हाउसिंग बोर्ड चंदेरिया, चंदेरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 गारंटरः श्रीमती गीता देवी झा पत्नी श्री अनिल कुमार झा, पताः मकान नं. 7/33 एमआईजी ए, हाउसिंग बोर्ड चंदेरिया, चंदेरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 श्री विनोद कांत सिन्हा पुत्र श्री विजय कांत सिन्हा, पताः मकान नं. 3/46, हाउसिंग बोर्ड चंदेरिया, चंदेरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001	साम्यिक बंधक आवासीय मकान जो मकान नं. 7/33 एमआईजी ए, हाउसिंग बोर्ड चंदेरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान में स्थित है, क्षेत्रफल 8*15 = 120 वर्ग मीटर। श्री अनिल कुमार झा पुत्र श्री दिनेश्वर झा के नाम पर है। सीमाएं- पूर्वः 30 फीट रोड पश्चिमः मकान नं. 7/2 उत्तरः मकान नं. 7/34 दक्षिणः मकान नं. 7/32	ए) 26.10.2025 एवं रू. 6,68,445.23 /- बी) दिनांक 12.01.2026 (दिनांक 07.05.2026 को समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से तामिल किया गया) एवं रू. 6,56,020.23/- से आगे का ब्याज एवं खर्चे। सी) 27.07.2026 डी) सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 12,00,000/- (B) रू. 1,20,000/- / 17.12.2026 / 9.00 PM C) रू. 20,000.00/-	A) 18.12.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे B) 09.12.2026 (दोपहर 3:00 से सांय 5:00 बजे तक)	ज्ञात नहीं

शर्तें व निबन्धन– 1. बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी। 2. सम्पत्ति को **"जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है"** के रूप में बेचा जाएगा। 3. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को उपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उदघोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 4. उपराक्त बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 5. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तो के लिए कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnb.bank.in** देखें।

दिनांक 30.10.2026 स्थानः उदयपुर

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अधीन विक्रय की वैधानिक सूचना

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूति लेनदार

DNJ-416491

सतरंगी सियासत



असर तो नहीं ?

यूरोप अचानक जल उठा। करीब आधा दर्जन देशों में प्रदर्शनों की आड़ में आगजनी और हिंसा। पूरा विश्व देखता रहा। अब इसका असर भारत पर न हो। ऐसा हो नहीं सकता। कुछ लोग आर्थिक हालात को इसका कारण बता रहे। तो कुछ अवैध घुसपैठ को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे। इधर, अमरीका में मिड टर्म इलेक्शन। सो, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इस हिंसा पर बोल पड़े। हालांकि संबंधित देशों की बंटी हुई राय। लेकिन भारत में यह असर हुआ कि एक सप्ताह तक राजधानी दिल्ली के एनडीएमसी एरिया में हुए विरोध प्रदर्शन अब कानूनी और अदालती पेच में फंस गए। सोशल मीडिया पर भारत में हुए विरोध प्रदर्शनों में विदेशी ताकतों की भागीदारी के अंदेशे के चलते सारा अभियान अब फीका पड़ता नजर आ रहा। इस बीच, आम जनता ने जरूर राहत की सांस ली। क्योंकि हर कोई इस समय त्योहारों की तैयारी में। यदि आवाजाही बाधित हुई। तो परेशानी संभव !

चोट हो गई

कांग्रेस के साथ मानो चोट हो गई। वह भी उसके कोर मुद्दे पर। अब इस पर न उगलते बनेगा। और न निगलते। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार और सीएम डीके शिवकुमार। पार्टी 2023 में प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ हुई थी। लेकिन इस बार दशहरे पर उसके लिए एक असहज करने वाला वाकया सामने आया। हुआ यूं कि मैसुरू के विश्व प्रसिद्ध मेले में पूजा करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप लगा कि मैसुरू पैलेस परिसर में स्थित कोट आंजनेय स्वामी मंदिर के पास तैनात एसपी सीबी ऋष्यांत ने तीन दलित मंत्रियों को नंदी ध्वज पूजा में शामिल होने से जबरन रोका। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि सीएम डीके शिवकुमार ने हस्तक्षेप किया। लेकिन राजनीतिक हलकों एवं सामाजिक संगठनों में इससे भारी आक्रोश हो गया। विपक्षी भाजपा को तो मानो मुंह मांगी मुराद मिल गई। सो, कहा कि सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस का पाखंड उजागर हो गया।

एसआईआर

एसआईआर मामले में हंगामा जारी। विपक्ष अभियान चलाए हुए। लेकिन सरकार के अपने तर्क। तो चुनाव आयोग के अपने अधिकार। इन सबके बीच, कई व्यावहारिक परेशानियां भी। वैसे, मतदाता सूची में उसी का नाम संभव। जो देश का नागरिक हो। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। इसी प्रकार, उस मतदाता को परेशानी नहीं हो। जिसका नाम छोटी सी गलती के चलते मतदाता सूची से हट जाए और वह वोट देने से वंचित रह जाए। या सिस्टम उसे स्वीकार ही नहीं करे। इसे समझा जाना चाहिए। प्रक्रिया इतनी आसान हो कि कोई भी मतदाता इसे आसानी से पूरा कर ले। तकनीक का इस्तेमाल हो। लेकिन यह बहुत उलझी हुई न हो। फिर एसआईआर की कवायद चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और साफ सुथरा बनाना। न कि ऐसी कसरत। जो भय पैदा करे। वोटर होने के चलते जो लाभ आम नागरिक को मिल रहे। वह उनसे वंचित नहीं हो। यह सुनिश्चित हो।

एक और आयोजन

ब्रिक्स देशों की संसदों के अध्यक्षों की शानदार मेजबानी करके भारत ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली। बात विदेशों से आए मेहमानों के भव्य स्वागत सत्कार की हो। या फिर आयोजन में चर्चा किए गए बिंदुओं की। सब कुछ उल्लेखनीय। इसमें सबसे ज्यादा योगदान रहा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का। जिस तरह की तैयारियों की शुरुआत उनकी अगुवाई में हुई। वह मील का पत्थर। आयोजन के दौरान हर बात की उन्होंने चिंता की और खुद को आगे रखा। जिस उत्साह और रुचि के साथ उन्होंने आगे बढ़कर हर बिंदु का ध्यान रखा। वह भी काबिलेतारीफ। खैर, अब बात आयोजन की और उसमें भाग लेने आए अतिथियों की। राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को भी इसमें बुलाया। तो ब्रिक्स देशों के अलावा अन्य एक दर्जन देशों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया। सो, एक बात तो साफ। भारत अब किसी भी प्रकार के वैश्विक आयोजन की शानदार मेजबानी कर सकता है।

सेल्फ गोल तो नहीं ?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे पटना में पीएम मोदी के पिताजी पर इतना कड़ा बोल गए कि वह भाजपा को मर्यादा से बाहर लगा। सो, प्रतिक्रिया होनी ही थी। अब कांग्रेस अध्यक्ष की आयु का हवाला दिया जा रहा। तो कुछ जुबान फिसलने की बातें कर रहे। खैर, जो बोल दिया। वह शब्द तो वापस आ नहीं सकते। लेकिन यह कहीं सेल्फ गोल जैसा तो नहीं? क्योंकि विरोध अथवा असहमति अपनी जगह। लेकिन सार्वजनिक मंच अथवा जीवन में शब्दों के प्रयोग की अपनी अहमियत। ऐसा नहीं कि कांग्रेस नेताओं ने यह पहली बार किया हो। पीएम की माताजी को लेकर भी कई बार टीका-टिप्पणियां हुईं। जिसका फायदे से ज्यादा कांग्रेस को नुकसान ही हुआ। वैसे, भाजपा नेता भी गांधी परिवार को लेकर कई बार ऐसी टिप्पणियां कर बैठे। जो सार्वजनिक जीवन की शुचिता के दायरे में तो नहीं आतीं। अच्छा हो, सभी पक्षों द्वारा शब्दों की नैतिकता और मर्यादा बनी रहे।

एजेंडा और नैरेटिव ?

सत्ताधारी भाजपा पर विपक्ष खासतौर से कांग्रेस का आरोप। वह वोट चोरी कर रही। वहीं, जब से एनडीए सत्ता में। तभी से कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों की मांग। मतदान मतपत्र के जरिए हो। बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश में हुए हालिया विधान परिषद चुनाव के परिणाम कुछ और ही कहानी बयां कर रहे। बैलेट पेपर से हुए मतदान में कांग्रेस कुल 28 में से केवल एक सीट जीत पाई। कांग्रेस कर्नाटक में भी हार गई। जहां वह प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़। वहीं, भाजपा वाराणसी एवं नागपुर में भी हार गई। जो पीएम मोदी एवं देवेन्द्र फड़नवीस के गृह क्षेत्र। मतलब यदि वोट चोरी हो रहा। तो ऐसा कैसे संभव? इससे पहले ईवीएम मशीन में हेराफेरी के आरोप लगते रहे। हालांकि चुनाव आयोग ईवीएम हैक करने को चुनौती दे चुका। लेकिन समय के साथ कई मुद्दे काफूर होते रहे! सारा मामला राजनीतिक एजेंडे और नैरेटिव का या कुछ और?


धुआं हो गया

सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किए के बीच सुरक्षा को लेकर हुआ मक्का समझौता धुआं-धुआं हो रहा। ईरान समर्थित हूती विद्रोही सऊदी अरब में कोहराम मचा रहे। हालांकि अमरीका ने उसकी सुरक्षा की गारंटी ली हुई। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सऊदी शासक एमबीएस से नाराज। उनके द्वारा आग्रह करने के बावजूद अमरीका ने सैन्य सहयोग नहीं किया। वहीं, मक्का समझौता इस हालत में पहुंच जाएगा। किसी ने सोचा नहीं था। जो तीन देशों- सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किए के बीच हुआ। जिसके तहत किसी भी एक देश पर बाहरी ताकत द्वारा किया गया सैन्य हमला। तीनों देशों पर माना जाएगा। लेकिन अभी भी सऊदी अरब पर इतने ताबड़तोड़ हमलों के बावजूद पाकिस्तान और तुर्किए समझौते के अनुसार सैन्य कार्रवाई नहीं कर सके। अब इसे क्या कहा जाए? अवसरवादिता या पीठ दिखाना? फिर भविष्य में सऊदी अरब की सरकार किस पर भरोसा करेगी? या भविष्य में वह अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएगी?

-दिल्ली डेस्क

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

शब्द पहेली - 6664



बाएँ से दाएँ
1. स्वतंत्र, स्वाधीन-3
3. दृढ़, पक्का, टिकाऊ-4
6. खान-3
7. रक्षक, व्यवस्था या देख-रेख करने वाला-2
8. मर्द, मादा का विलोम-2
10. सच्चा, विश्वसनीय-5
12. मामूली, साधारण लोगों में प्रचलित-3
15. हवा, वायु-3
17. ख्याति अर्जीत करना (मु.-5)
20. सूर्य, भास्कर-2
22. टेक्स, लगान-2
23. पाचन शक्ति-3
24. भगवान कृष्ण-4
25. मुखिया-3

ऊपर से नीचे
2. हस्तक्षेप करने वाला, दखल देने वाला-5
3. गहरी सोच, अनुमान-3
4. शब्जी, शाक-4
5. ईसा के अनुयायी-3
7. पत्ता-2
9. भगवान, ईश्वर-2
11. कृष्ण, विष्णु-3
13. प्रकट, खुला हुआ-3
14. नाम करना(मु.-5)
15. पच्चास और पाँच-4
16. आदमी-2
18. हाथ-2
19. देवमुनी, देवर्षि-3
21. सैर-सपाटा, घूमना-3

शब्द पहेली - 6663 का हल



■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

इस सप्ताह चांदी 15,200, सोना 3,300 रुपए सस्ता

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार नरमी के असर से जयपुर सरार्फा बाजार में सोमवार से शनिवार तक दोनों कीमती धातुओं में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान चांदी 15,200 रुपए प्रति किलो सस्ती होकर 1,84,800 रुपए प्रति किलो रह गई, जबकि शुद्ध सोना 3,300 रुपए प्रति दस ग्राम गिरकर 1,42,000 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। जेवराती सोना भी 2,300 रुपए सस्ता होकर 1,31,400 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। दिवाली (8 नवंबर) और धनतेरस (6 नवंबर) के नजदीक आते ही यह गिरावट खरीदारों के लिए राहत भरी साबित हो रही है। हाजिर बाजार में फेस्टिव सीजन के दौरान खरीदारी की रफ्तार सामान्य रूप से बनी हुई है। सोमवार (26 अक्टूबर) को चांदी दो लाख रुपए प्रति किलो पर थी और शुद्ध सोना 1,45,300 रुपए प्रति दस ग्राम। मंगलवार को चांदी तीन हजार रुपए गिरकर 1,97,000 रुपए पर आई और सोना तीन सौ रुपए सस्ता हुआ। बुधवार को वायदा बाजार की तेजी से चांदी पांच हजार रुपए उछलकर 2,02,000 रुपए और सोना 1,200 रुपए महंगा होकर 1,46,200 रुपए पर पहुंच गया। गुरुवार को चांदी फिर पांच हजार रुपए गिरकर 1,97,000 रुपए पर लौट आई, जबकि सोना स्थिर रहा। शुक्रवार को दोनों धातुओं में धड़ाम गिरावट आई–चांदी पांच हजार और सोना 1,200 रुपए सस्ते हुए। शनिवार को सबसे तेज गिरावट देखने को मिली। चांदी 7,200 रुपए टूटकर 1,84,800 रुपए प्रति किलो और शुद्ध सोना तीन हजार रुपए गिरकर 1,42,000 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। जेवराती सोना भी 2,400 रुपए सस्ता होकर 1,31,400 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया।

राजकाज

■ एल.एल. शर्मा

वोटर और अफवाहों की दौड़

सूबे में इन दिनों वोटर और अफवाहों की दौड़ काफी चर्चा में है। हो भी क्यों न, मामला सरपंची से जो ताल्लुक रखता है। चर्चा है कि सरपंच की कुर्सी में आखिर ऐसा कौन-सा चुंबक लगा है कि मतपेटी से लेकर पुलिस की वर्दी तक सब खिंचे चले आ रहे हैं। इस बार सरपंच की कुर्सी के लिए ऐसा संग्राम हो रहा है, जैसे सीएम की शपथ हो। सपने देखने वाले गलत भी नहीं हैं, चूंकि सूबे में सरपंच साहब सीएम की कुर्सी तक पहुंच चुके हैं। राज का काज करने वालों में चर्चा है कि अब गांव में हार-जीत का फैसला मतगणना से होगा या अफवाहों की पंचायत से, यह अलग सवाल है।

चर्चा में चुनाव का नया फार्मूला

सूबे में इस बार चुनाव का नया फार्मूर्ला सामने क्या आ गया, राज के काज की पोल खोल गया। नया फार्मूला भी छोटा-मोटा नहीं बल्कि पर्चा खारिज होने के बाद चुनाव चिन्ह हासिल करने के बाद जीत का प्रमाण पत्र तैयार होने से जुड़ा हुआ है। अब यह तो इलेक्शन कमीशन की जांच बताएगी कि यह लोकतंत्र का चमत्कार है या कागजों का कमाल। राज का काज करने वालों में चर्चा है कि बोर्डर डिस्ट्रिक्क की ग्राम पंचायत के विलेज हेड के इलेक्शन में हुए इस कारनामे के बाद अब नियमों की किताब भी शायद अपना पन्ना पलटने में जुट गई। जिस उम्मीदवार का नामांकन खारिज हो चुका था, उसे चुनाव चिन्ह भी आवंटित हुआ और वह मैदान में भी उतर गया और जीत भी घोषित हो गई। पब्लिक ने भी कई तरह के सवाल उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सो पब्लिक के सवाल अब चुनावी गलियारों में खूब गूंज रहे हैं।

जब खाकी को चोटें गिननी पड़ीं

मत्स्य जिले की एक पंचायत में सरपंच चुनाव के नतीजों को लेकर 319 वोटों के अंतर के हिसाब ऐसा बिगड गया कि पुलिस को चोटें गिननी पड गई। अब चुनाव हारने वाला पक्ष वोटों का हिसाब मांग रहा है और पुलिस अपने घावों का। दोनों दलों के ठिकानों पर हार्ड कोर वर्कर्स भी चुटकी ले रहे हैं कि 319 वोटों का हिसाब इतना भारी पड़ा कि पुलिस को मतों के साथ चोटों का भी हिसाब रखना पड़ गया। सरपंच की कुर्सी जीतनी थी, थाने का चक्कर नहीं।

बाबुओं की बढ़ीं धड़कनें

सूबे में इन दिनों सरकारी बाबुओं की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। धड़कने बढने का कारण और कोई नहीं बल्कि राज की ओर से 15 तारीख तक पदोन्नति का फरमान है। वैसे तो सरकारी दफ्तरों में पदोन्नति की फाइलें कभी-कभी इतनी लंबी यात्रा पर निकलती हैं कि कर्मचारी की उम्मीद रिटायरमेंट के स्टेशन पर पहुंच जाती है। अब राज के फरमान से कर्मचारियों के चेहरे तो खिल गए, लेकिन उनको डर है कि कही डीपीसी की बैठक में कोई बाबू यह न कह दे कि साहब पदोन्नति की फाइल तो तैयार है, बस अगली बैठक में रखेंगे।

एक जुमला यह भी

सूबे में इन दिनों एक जुमला जोरों पर है। जुमला भी छोटा-मोटा नहीं, बल्कि राज का काज करने वालों की वेतन की फाइल से ताल्लुक रखता है। जुमला है कि सरकारी दफ्तरों में तारीखों का भी अपना भाग्य होता है। आम आदमी की तारीख निकल जाए तो काम अटक जाता है, लेकिन सरकारी फाइल की तारीख बढ़ जाए, तो उसे नई जिन्दगी मिल जाती है। अब देखो न, सूबे में राज का काज करने वालों की तनख्वाह तय करने की सीमा दो महीने क्या बढा दी, दफ्तरों में नई चर्चा चालू हो गई।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

चांदी का ऐतिहासिक क्रैशः 2026 में 60% गिरावट 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट से भी ज्यादा!

नई दिल्ली। चांदी के बाजार में एक बार फिर भूचाल आ गया है।जनवरी 2026 में लगभग $121.67 प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद चांदी की कीमतें तेजी से नीचे आईं और अब करीब $48-50 प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई हैं। यह लगभग 60 प्रतिशत की गिरावट है। यह गिरावट 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट (GFC) के दौरान हुए 57.6 प्रतिशत के क्रैश से भी अधिक है और चांदी के इतिहास के तीसरे सबसे बड़े क्रैश के रूप में दर्ज हो गई है।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
(राजस्थान सरकार के अधिनियम 1987 (न. 35–1987) द्वारा स्थापित राजस्थान का एक मात्र राजकीय खुला विश्वविद्यालय)

क्रमांक प.2 / वमखुविवि / परीक्षा(दीक्षांत–19) / 2026 / 4289 दिनांकः– 16.10.2026

अधिसूचना

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा अधिनियम 1987 की संविधि 21 के अन्तर्गत 19 वें दीक्षांत समारोह के सम्बन्ध में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का 19 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर स्थित संत सुधासागर भवन में दिनांक 22 जनवरी 2027 (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा।

इस सन्दर्भ में समय एवं अन्य समस्त अद्यतन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vmou.ac.in पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

Raj.Samwad/C/26/12454 कुलसचिव

DNJ-416493

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 18.11.2026 (नीलामी दिनांक) को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:–

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार का नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का पता	कब्जा प्रकार / शाखा नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी)
1	1. श्री अमृत लाल मीणा पुत्र श्री नाथू लाल मीणा (ऋणी), रनिया, पोस्ट पाल सारडा, पाल सारडा उदयपुर (राज.)- 313902 अन्य पताः खसरा नं. 909/371 राजस्व ग्राम पावड़ा, पंचायत चापी, तहसील बिछीवाड़ा, जिला डूंगरपुर (राज.)।	दिनांक 25.02.2025 तक रु.20,53,231/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	साम्यिक बंधकः श्री अमृत लाल मीणा पुत्र श्री नाथू मीणा के नाम से आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो खसरा नं. 909/371 राजस्व ग्राम पावड़ा, पंचायत चापी, तहसील बिछीवाड़ा, जिला डूंगरपुर (राज.) में स्थित है। क्षेत्रफल 4359.38 वर्गफीट। संपत्ति की सीमाएंः- उत्तरः सड़क, दक्षिणः खसरा नं. 376, पूर्वः खसरा नं. 367, पश्चिमः खसरा नं. 372	सांकेतिक कब्जा उदयपुर	आरक्षित मूल्य- रु. 11,67,300/- (रुपये ग्यारह लाख सड़सठ हजार तीन सौ मात्र) एवं ईएमडी- रु. 1,16,730/- (रुपये एक लाख सोलह हजार सात सौ तीस मात्र)
2	1. श्री वीरेन्द्र प्रजापत पुत्र श्री नाथू लाल प्रजापत (ऋणी) कुराबड़, तहसील गिरवा, कुरावड, जिला उदयपुर राजस्थान - 313703 2. श्रीमती रानू प्रजापत पत्नी श्री वीरेन्द्र प्रजापत (सह-ऋणी) कुराबड़, तहसील गिरवा, कुरावर, जिला उदयपुर राजस्थान - 313703	दिनांक 24.06.2024 तक रु.14,15,439/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो खसरा नं. 1322/423, 1324/413 एवं 412 राजस्व ग्राम सूरो का गुड़ा, तहसील गिरवा, जिला- उदयपुर में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर, जो श्री वीरेन्द्र प्रजापत पुत्र श्री नाथू लाल प्रजापत के नाम से है। संपत्ति की सीमाएंः- उत्तरः सड़क, दक्षिणः उदयलाल, वीरेन्द्र पुत्र नाथू कुम्हार एवं धापू बाई पत्नी नाथू कुम्हार की भूमि, पूर्वः उदयलाल पुत्र नाथू कुम्हार की भूमि, पश्चिमः हीरा लाल पुत्र शंकर लाल कुम्हार की भूमि	सांकेतिक कब्जा राजसमंद	आरक्षित मूल्य- रु. 21,41,000/- (रुपये इक्कीस लाख इकतालीस हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 2,14,100/- (रुपये दो लाख चौदह हजार एक सौ मात्र)
3	1. श्री लोगर पुत्र उदा (ऋणी) मेघवालों का मोहल्ला, रामदेव मंदिर के पीछे, ग्राम गुडली, मावली, उदयपुर-313024 2. श्री राहुल पुत्र लोगर लाल (सह-ऋणी) मेघवालों का मोहल्ला, रामदेव मंदिर के पीछे, ग्राम गुडली, मावली, उदयपुर-313024	दिनांक 01.12.2025 तक रु.11,49,483.24 + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	साम्यिक बंधकः श्री लोगर लाल पुत्र उदा जी मेघवाल के नाम से आवासीय प्लॉट के सभी अंश व हिस्से जो खसरा नं. 436, ग्राम गुडली, ग्राम पंचायत गुडली, तहसील मावली-जिला उदयपुर (राज.) में स्थित है। क्षेत्रफल 1044 वर्गफीट। संपत्ति की सीमाएंः- उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः गणेश नाथ का बाड़ा, पूर्वः गली एवं रामदेव जी का मंदिर, पश्चिमः रामलाल मेघवाल का मकान।	सांकेतिक कब्जा राजसमंद	आरक्षित मूल्य- रु. 15,31,000/- (रुपये पन्द्रह लाख इकतीस हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 1,53,100/- (रुपये एक लाख तिरेपन हजार एक सौ मात्र)
4	1. धापू बाई पत्नी नाथू लाल (ऋणी), कुराबड़, कुरावड़, गिरवा, उदयपुर-राजस्थान - 313703 2. श्री वीरेन्द्र प्रजापत पुत्र नाथू लाल (सह-ऋणी) कुराबड़, कुरावड़, गिरवा, उदयपुर, राजस्थान- 313703	दिनांक 25.06.2024 तक रु.24,76,640/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो आराजी नं. 1321/423, 1325/421, 1328/422, राजस्व ग्राम सूरो का गुड़ा, ग्राम पंचायत बेमला, तह. कुराबड़, उदयपुर में स्थित है, कुल निर्मित क्षेत्रफल 26909 वर्गफीट, जो श्रीमती धापू बाई पत्नी नाथू लाल के नाम से है। संपत्ति की सीमाएंः- उत्तरः सड़क, दक्षिणः उदयलाल, वीरेन्द्र, नाथू कुम्हार की संपत्ति, पूर्वः अन्य संपत्ति, पश्चिमः उदयलाल, नाथू कुम्हार की संपत्ति।	सांकेतिक कब्जा उदयपुर	आरक्षित मूल्य- रु. 32,40,000/- (रुपये बत्तीस लाख चालीस हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 3,24,000/- (रुपये तीन लाख चौबीस हजार मात्र)

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 11.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।

बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 17.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662

दिनांक 31.10.2026 स्थानः– डूंगरपुर एवं उदयपुर

DNJ-416496

राजकाज

■ एल.एल. शर्मा

वोटर और अफवाहों की दौड़

सूबे में इन दिनों वोटर और अफवाहों की दौड़ काफी चर्चा में है। हो भी क्यों न, मामला सरपंची से जो ताल्लुक रखता है। चर्चा है कि सरपंच की कुर्सी में आखिर ऐसा कौन-सा चुंबक लगा है कि मतपेटी से लेकर पुलिस की वर्दी तक सब खिंचे चले आ रहे हैं। इस बार सरपंच की कुर्सी के लिए ऐसा संग्राम हो रहा है, जैसे सीएम की शपथ हो। सपने देखने वाले गलत भी नहीं हैं, चूंकि सूबे में सरपंच साहब सीएम की कुर्सी तक पहुंच चुके हैं। राज का काज करने वालों में चर्चा है कि अब गांव में हार-जीत का फैसला मतगणना से होगा या अफवाहों की पंचायत से, यह अलग सवाल है।

चर्चा में चुनाव का नया फार्मूला

सूबे में इस बार चुनाव का नया फार्मूला सामने क्या आ गया, राज के काज की पोल खोल गया। नया फार्मूला भी छोटा-मोटा नहीं बल्कि पर्चा खारिज होने के बाद चुनाव चिन्ह हासिल करने के बाद जीत का प्रमाण पत्र तैयार होने से जुड़ा हुआ है। अब यह तो इलेक्शन कमीशन की जांच बताएगी कि यह लोकतंत्र का चमत्कार है या कागजों का कमाल। राज का काज करने वालों में चर्चा है कि बोर्डर डिस्ट्रिक्ट की ग्राम पंचायत के विलेज हेड के इलेक्शन में हुए इस कारनामे के बाद अब नियमों की किताब भी शायद अपना पन्ना पलटने में जुट गई। जिस उम्मीदवार का नामांकन खारिज हो चुका था, उसे चुनाव चिन्ह भी आवंटित हुआ और वह मैदान में भी उतर गया और जीत भी घोषित हो गई। पब्लिक ने भी कई तरह के सवाल उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सो पब्लिक के सवाल अब चुनावी गलियारों में खूब गूंज रहे हैं।

जब खाकी को चोटें गिननी पड़ीं

मत्स्य जिले की एक पंचायत में सरपंच चुनाव के नतीजों को लेकर 319 वोटों के अंतर के हिसाब ऐसा बिगड गया कि पुलिस को चोटें गिननी पड गई। अब चुनाव हारने वाला पक्ष वोटों का हिसाब मांग रहा है और पुलिस अपने घावों का। दोनों दलों के ठिकानों पर हार्ड कोर वर्कर्स भी चुटकी ले रहे हैं कि 319 वोटों का हिसाब इतना भारी पड़ा कि पुलिस को मतों के साथ चोटों का भी हिसाब रखना पड़ गया। सरपंच की कुर्सी जीतनी थी, थाने का चक्कर नहीं।

बाबुओं की बढ़ीं धड़कनें

सूबे में इन दिनों सरकारी बाबुओं की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। धड़कने बढने का कारण और कोई नहीं बल्कि राज की ओर से 15 तारीख तक पदोन्नति का फरमान है। वैसे तो सरकारी दफ्तरों में पदोन्नति की फाइलें कभी-कभी इतनी लंबी यात्रा पर निकलती हैं कि कर्मचारी की उम्मीद रिटायरमेंट के स्टेशन पर पहुंच जाती है। अब राज के फरमान से कर्मचारियों के चेहरे तो खिल गए, लेकिन उनको डर है कि कही डीपीसी की बैठक में कोई बाबू यह न कह दे कि साहब पदोन्नति की फाइल तो तैयार है, बस अगली बैठक में रखेंगे।

एक जुमला यह भी

सूबे में इन दिनों एक जुमला जोरों पर है। जुमला भी छोटा-मोटा नहीं, बल्कि राज का काज करने वालों की वेतन की फाइल से ताल्लुक रखता है। जुमला है कि सरकारी दफ्तरों में तारीखों का भी अपना भाग्य होता है। आम आदमी की तारीख निकल जाए तो काम अटक जाता है, लेकिन सरकारी फाइल की तारीख बढ़ जाए, तो उसे नई जिन्दगी मिल जाती है। अब देखो न, सूबे में राज का काज करने वालों की तनख्वाह तय करने की सीमा दो महीने क्या बढा दी, दफ्तरों में नई चर्चा चालू हो गई।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



बड़ी चौपड़



सजावटी रंगोली



चांदपोल बाजार

दीपावली की खरीदारी चढ़ने लगी परवान...

जयपुर। दीपावली पर्व नजदीक आने के साथ ही शहर के बाजारों में खरीदारी परवान चढ़ने लगी है। रविवार को बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी चौपड़ के बरामदों में इतनी भीड़ रही कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दीपावली पर घरों को सजाने के लिए लोग रंगोली सहित सजावटी सामान की खरीदारी करते नजर आए। वहीं चांदपोल बाजार में सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों पर भी खरीदारों की अच्छी भीड़ रही। लोग घरों की सजावट से लेकर पूजन सामग्री और दीपावली से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी में जुटे रहे। बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। प्रमुख बाजारों में उमड़ी भीड़ और सजी दुकानों के चलते पूरे शहर में मेले जैसा माहौल नजर आया।

आकार लेने लगी देश की पहली बुलेट ट्रेन

बी-28 के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार, रेल मंत्री ने लिया जायजा

नवज्योति,जयपुर/प्रयागराज। भारत की पहली बुलेट ट्रेन अब आकार लेने लगी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु स्थित आदित्य निर्माण इकाई का दौरा कर बुलेट ट्रेन बी-28 के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ट्रेन निर्माण के लिए विकसित विशेष बुनियादी ढांचे और आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का जायजा लिया। मंत्री ने कारबॉडी निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सटीक इंजीनियरिंग वाले जिग्स और फिक्स्चर का निरीक्षण किया। साथ ही अंडरफ्रेम, साइडवॉल, रूफ असेंबली, कार असेंबली, सतह की तैयारी और ट्रीटमेंट जैसे उत्पादन के प्रमुख चरणों को देखा। उन्होंने कारबॉडी की मजबूती जांचने के लिए किए जाने वाले स्क्वीज टेस्ट का प्रदर्शन भी देखा। इसमें नियंत्रित दबाव और खिंचाव डालकर संरचनात्मक मजबूती, कठोरता और आकार की स्थिरता जांची जाती है। वैष्णव ने हाई-स्पीड यात्रा के दौरान यात्रियों को मिलने वाली सुविधा के लिहाज से सीटों का निरीक्षण किया। इसके अलावा हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम, कपलर तथा अन्य उपकरणों और असेंबलियों की समीक्षा की। उन्होंने साइड मॉड्यूल और रूफ मॉड्यूल के निर्माण के साथ इनके इंटीग्रेशन और अंतिम असेंबली प्रक्रिया का भी जायजा लिया।



निरीक्षण करने पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

तीन जगह साइबर ठगी, होटल में एक लाख तो मुहाना में 2.27 लाख रुपए की चपत

नवज्योति,जयपुर। साइबर ठगी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। ठगों ने जयपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनाकर लाखों रुपए की चपत लगा दी। सांगानेर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से एक लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की। मुहाना थाना क्षेत्र के कपूरावाला निवासी व्यक्ति के बैंक खाते से 2 लाख 27 हजार 900 रुपए ट्रांसफर कर लिए। वहीं माणक चौक थाना क्षेत्र में हवामहल निवासी व्यक्ति के साथ भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हुई। तीनों मामलों में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

होटल के पास एक लाख रुपए की ठगी: सांगानेर थाना क्षेत्र में चांदना कॉलोनी निवासी लालचंद तिवारी (48) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 अक्टूबर को खास कोठी स्थित एक होटल के पास सुबह 8 बजे से रात 8 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ साइबर फ्रॉड किया। आरोपी ने ऑनलाइन माध्यम से एक लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

खाते से ट्रांसफर कर लिए 2.27 लाख रुपए: मुहाना थाना क्षेत्र के कपूरावाला निवासी राकेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दी कि 26 अक्टूबर को अज्ञात आरोपी ने साइबर फ्रॉड कर उनके बैंक खाते से 2.27 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए।

हवामहल निवासी के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी: माणक चौक थाना क्षेत्र में हवामहल निवासी रमेश पुत्र रामसिंह के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर को शाम 6:34 बजे उनके साथ ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी की।

कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की, अब नौटंकी कर रही: अरुण चतुर्वेदी

जयपुर। वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ.अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस की रैली पर कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने की नौटंकी वैसे ही कर रही है। यह रैली देश में निराशाजनक माहौल खड़ा करने की कोशिश है। राहुल गांधी 2024 के जिन चुनावों को अवैध बताकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहे है, वे भूल जाते है कि ज्ञानेश कुमार 2025 में सीईसी बने थे और 2024 के चुनाव के आधार पर स्वयं राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनकर बैठे है। यदि चुनाव अवैध है तो राहुल गांधी और उनके साथी सभी सांसद ढाई साल से अवैध रूप से सांसद बने हुए है। इसी एसआईआर के बाद उनकी जिन राज्यों में सरकारें बनी है, क्या वे भी अवैध है।



कांग्रेस की रैली नकारे गए लोगों का ड्रामा: मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली को जनता द्वारा बार बार नकारे गए लोगों का राजनीतिक ड्रामा बताते हुए कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा का दावा करने से पहले कांग्रेस को अपने इतिहास का जवाब देना चाहिए। सत्ता के लिए नागरिक स्वतंत्रता, न्यायपालिका की स्वायत्तता और संघीय व्यवस्था से जुड़े सवाल कांग्रेस के शासनकाल में उठे हैं। लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध करने का पूरा अधिकार है लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाना उचित नहीं है। कांग्रेस को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर देश की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए।



जनलेखा समिति के सभापतियों के सम्मेलन में शामिल होंगे जूली

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। नेता प्रतिपक्ष एवं जनलेखा समिति के सभापति टीकाराम जूली केरल के तिरुवनंतपुरम में 3 और 4 नवंबर को आयोजित जनलेखा समिति के सभापतियों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल होंगे। लोकसभा सचिवालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में लोकसभा, केन्द्रशासित प्रदेशों और सभी राज्यों की विधानसभाओं की जनलेखा समितियों के सभापति भाग लेंगे। जूली 2 नवंबर को दिल्ली से तिरुवनंतपुरम रवाना होंगे। सम्मेलन में वह जनलेखा समिति को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के साथ आधुनिक प्रशासनिक चुनौतियों के अनुरूप संस्थागत, प्रक्रियात्मक और तकनीकी सुधारों पर अपने विचार रखेंगे। वे 5 नवंबर को दिल्ली लौटेंगे।



तीन माह से रक्तस्राव से पीड़ित थी महिला, बिना बच्चेदानी निकाले गीतांजलि अस्पताल में हुआ ऑपरेशन



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। 30 वर्षीय महिला पिछले तीन महीनों से लगातार योनि से रक्तस्राव से परेशान थीं। डी एंड सी के बाद उसकी यह समस्या शुरू हुई थी। कई अस्पतालों में परामर्श के बाद उन्हें बच्चेदानी निकलवाने की सलाह दी। बच्चेदानी निकालने की सलाह से चिंतित महिला ने भांकरोटा स्थित गीतांजली हॉस्पिटल में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ अमित शर्मा से परामर्श लिया। विस्तृत जांच और इमेजिंग में यूट्रिन एवीएम समस्या होने का पता चला। जो गर्भाशय की रक्त वाहिकाओं में असामान्य रक्त प्रवाह के कारण गंभीर रक्तस्राव का कारण बन सकता है। महिला के इलाज के लिए यूएई शुरू हुई। जो कि एक मिनिमली इनवेसिव इंटरवेंशनल प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से असामान्य रक्त प्रवाह को नियंत्रित किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि बच्चेदानी निकालने की आवश्यकता नहीं पड़ी और गर्भाशय को सुरक्षित रखा। प्रक्रिया सफल रही और मरीज को अगले ही दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उपचार के बाद रक्तस्राव और दर्द में राहत मिली तथा अब वह सामान्य जीवन की ओर लौटने लगी। यह केस दर्शाता है कि हर जटिल स्थिति में बड़ी सर्जरी ही एकमात्र विकल्प नहीं होती। सटीक निदान और आधुनिक इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तकनीकों से कई मामलों में कम इनवेसिव उपचार के साथ अंग को सुरक्षित रखना संभव है। गीतांजली हॉस्पिटल जयपुर का इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग, आधुनिक इमेजिंग तकनीकों से कम चीरे या बिना बड़े चीरे वाली प्रक्रियाओं के माध्यम से विभिन्न जटिल बीमारियों के उपचार करता है। इसमें मरीज की स्थिति के अनुसार सुरक्षित और प्रभावी उपचार विकल्प उपलब्ध कराना तथा जहां संभव हो, बड़े ऑपरेशन और अंग निकालने की आवश्यकता काफी कम हो जाती है।

धरोहर: द लेगेसी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की भारतीय संस्कृति की झलक

नवज्योति,जयपुर। गॉडशिप एकेडमी का वार्षिक समारोह धरोहर द लेगेसी रविवार को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान परंपरा और मानवीय मूल्यों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियोग से दर्शकों को देश की समृद्ध विरासत से रूबरू कराया। मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस एसओजी के आईजी आईपीएस अजय पाल लांबा रहे। विशिष्ट अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. रुबीना बख्श तथा विशेष अतिथि डॉ. बीएल सोनी थे। विद्यार्थियों ने गुरुकुल परंपरा, वेद, सिंधु घाटी सभ्यता, शिव तांडव, आयुर्वेद, योग, बिहू, सूफी संगीत और दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। पन्नाधाय की गाथा के माध्यम से त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। विद्यालय की निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. संगीता भवाल ने कहा कि वास्तविक धरोहर हमारी संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्य हैं, जिन्हें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। दूसरों के प्रति संवेदना और परोपकार की भावना ही सच्ची मानवता है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन स्वराज शाहिद भवाल, गॉडशिप फिलेन्थ्रॉपिक एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन देव नंदन, अध्यक्ष एडवोकेट राजेश अड़सेला, उपाध्यक्ष चंद्र मोहन सिंह अड़सेला और संयुक्त सचिव मनोज सिंह अड़सेला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



सूने मकानों और कंटेनर डिपो को चोरों ने बनाया निशाना, तीन वारदातें

नवज्योति,जयपुर। शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों ने मालवीय नगर, कनकपुरा और सुभाष चौक थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग वारदातों को अंजाम दिया। मालवीय नगर में परिवार के एक महीने तक बाहर रहने के दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया। घर के चार कमरों के ताले तोड़कर अलमारियां और गोदरेज की लॉकर तक तोड़ दिए तथा सामान बिखेरकर चोरी की। वहीं कनकपुरा स्थित अंतरदेशीय कंटेनर डिपो में खड़े लोकोमोटिव से सामान चोरी कर लिया। सुभाष चौक इलाके में किराएदार के कमरे का ताला तोड़कर एक बक्सा और एक लाख रुपए चोरी कर लिए गए। तीनों मामलों में संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

एक महीने से बंद मकान के चार कमरों के ताले तोड़े: मालवीय नगर थाना क्षेत्र के अनिल कुमार सिंघल (67) ने रिपोर्ट कि वह अपनी पत्नी के साथ पिछले एक महीने से बच्चों के पास बेंगलूरु गए हुए थे। गुरुवार शाम 7:45 बजे दोनों घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला, और कमरे का समान बिखरा मिला। कंटेनर डिपो में खड़े लोकोमोटिव से सामान चोरी- करधनी थाना क्षेत्र के कनकपुरा स्थित अंतरदेशीय कंटेनर डिपो में चोरी की वारदात हुई। सहायक परियोजना अधिकारी रूपेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर सुबह नौ बजे डिपो में खड़े लोकोमोटिव से अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गए। किराएदार के कमरे का ताला तोड़कर एक लाख रुपए ले गए- सुभाष चौक थाना क्षेत्र के चाणक्य मार्ग स्थित किराए पर रहने वाले श्यामराज (45) कमई बरसाना मथुरा यूपी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अक्टूबर की रात करीब 1:30 बजे अज्ञात बदमाश उनके कमरे का ताला तोड़कर 1 लाख रुपए चोरी कर ले गए।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में डी.एससी, डी.लिट के लिए आवेदन आमंत्रित

ब्यूरो/ नवज्योति, जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के सत्र 2026-27 के लिए डॉक्टर ऑफ साइंस (डी.एससी) एवं डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डि.लिट) की शोध उपाधियों के लिए योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन 12 नवम्बर से आमंत्रित किए हैं। आवेदन शुल्क बैंक में चालान से जमा कराने की अंतिम तिथि 19 नवंबर हैं। आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। डी.एससी और डी.लिट उपाधियों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं, पात्रता संबंधी शर्तें, आवेदन प्रक्रिया, निर्धारित शुल्क तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय के नोटिफि केशन संख्या 20 में वर्णित नियमों के अनुसार लागू होंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप निर्धारित शुल्क एवं अन्य विस्तृत जानकारी राजस्थान विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बने रामकिशोर

नवज्योति, जयपुर। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जयपुर महासमिति की बैठक रविवार को मंदिर श्री गोवर्धन नाथ जी जयपुर में हुई। इसमें सर्वसम्मति से राम किशोर मीणा को महासंघ की जयपुर जिला शाखा का नया जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया।



Nippon India Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. The schedule of upcoming IAPs is as mentioned below

Date	Time	Location
3 November, 2026	7:00 PM	Bikaner

Venue: Utsav Restaurant , Bikaner-334001

Name: Hari Singh | Mobile: 9309085128

Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793

Mutual Fund Investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

DNA 416487

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल वीक का आगाज, पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। राजस्थान पुलिस अकादमी में रविवार को ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के साथ हुआ। इस दौरान अकादमी के प्रशिक्षुओं और अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत अकादमी परिसर में रनिंग इवेंट हुआ, जिसमें प्रशिक्षुओं और स्टाफ ने भाग लिया। इसके अलावा योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम और योग को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया गया। अकादमी परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान पौधे लगाकर उनके संरक्षण और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।



पुलिस अकादमी में पौधरोपण किया।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
(राजस्थान सरकार के अधिनियम 1987 (नं. 35–1987) द्वारा स्थापित राजस्थान का एक मात्र राजकीय खुला विश्वविद्यालय)

क्रमांक प.2/वमखुविवि/परीक्षा(दीक्षांत–19)/2026/4289 दिनांकः– 16.10.2026

अधिसूचना

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा अधिनियम 1987 की संविधि 21 के अन्तर्गत 19 वें दीक्षांत समारोह के सम्बन्ध में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का 19 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर स्थित संत सुधासागर भवन में दिनांक 22 जनवरी 2027 (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा।

इस सन्दर्भ में समय एवं अन्य समस्त अद्यतन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vmou.ac.in पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

कुलसचिव

Raj.Samwad/C/26/12454

DNJ-416493

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए दिनांक 18.11.2026 (नीलामी दिनांक) को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार हैः–

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार का नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का पता	कब्जा प्रकार / शाखा नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी)
1	1. श्री पवन कुमार पुत्र श्री अमर सिंह, निवासीः फ्लैट नं. बी 1(3)-1114, 11वीं मंजिल, टावर नं.- टी2, प्रोजेक्ट आशियाना ग्रीन्स, ग्राम-नींदड, सीकर रोड, जयपुर-302013, 2. श्रीमती मीनाक्षी पत्नी श्री पवन कुमार, निवासीः फ्लैट नं. बी 1(3)-1114, 11वीं मंजिल, टावर नं. - टी2, प्रोजेक्ट आशियाना ग्रीन्स, ग्राम-नींदड, सीकर रोड, जयपुर - 302013	दिनांक 21.02.2023 तक रु.29,72,082/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	सामिक बंधकः फ्लैट नं. बी 1(3)-1114, जो टावर/ब्लॉक-टी2 की 11वीं मंजिल, प्रोजेक्ट आशियाना ग्रीन्स, ग्राम-नींदड, सीकर रोड, जयपुर 302013 में स्थित है, क्षेत्रफल 1250.00 वर्गफीट। संपत्ति की सीमाएं:- पूर्वः कॉरिडोर, पश्चिमः खुला आकाश, उत्तरः फ्लैट नं. ए3-1113, दक्षिणः फ्लैट नं. बी1(2)-1115	भौतिक कब्जा / प्रतापनगर	आरक्षित मूल्य- रु. 34,73,000/- (रुपये चौंतीस लाख तिहत्तर हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 3,47,300/- (रुपये तीन लाख सैंतालीस हजार तीन सौ मात्र)
2	1. मैसर्स मक्का हार्डवेयर एंड सैनिटरी (ऋणी) जरिये प्रोपराइटर श्री मोहम्मद आदिल पुत्र श्री मोहम्मद अनवर, 5, जोरावर सिंह गेट, गंगा पोल मोड़, त्रिपोलिया बाजार, आमेर रोड, जयपुर राजस्थान-302002 2. श्री मोहम्मद आदिल पुत्र श्री मोहम्मद अनवर (प्रोपराइटर) प्लॉट नं. 05, पट्टा नं. 15, मुंशी रामदास जी का रास्ता, महर हाउस के सामने, चोकडी गंगापोल, जयपुर राजस्थान। नोटः यहाँ निर्धारित की गई नीलामी बिक्री एसए नं. एसए/924/2025 के अधीन होगी।	दिनांक 30.1.2025 एवं 05.02.2025 तक ऋणों की कुल बकाया राशि रु.58,96,554/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	सामिक बंधकः श्री मोहम्मद आदिल के नाम से जी+2 मंजिला आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो प्लॉट नं. 05, पट्टा नं. 15, मुंशी रामदास जी का रास्ता, महर हाउस के सामने, चोकडी गंगापोल, जयपुर राजस्थान में स्थित है। क्षेत्रफल 104.04 वर्गमीटर। संपत्ति की सीमाएं:- उत्तरः अन्य मकान, दक्षिणः अन्य मकान, पूर्वः अन्य मकान, पश्चिमः 20 चौड़ी सड़क	सांकेतिक कब्जा / विद्याधर नगर	आरक्षित मूल्य- रु. 86,70,000/- (रुपये छियासी लाख सत्तर हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 8,67,000/- (रुपये आठ लाख सड़सठ हजार मात्र)
3	1. मैसर्स भारत मेटल्स (ऋणी) जरिये प्रोपराइटर श्री मोहम्मद आमिर, प्लॉट नं. 05, पट्टा नं. 15, मुंशी रामदास जी का रास्ता, महर हाउस के सामने, चोकडी गंगापोल, जयपुर राजस्थान-302002, 2. श्री मोहम्मद आदिल पुत्र श्री मोहम्मद अनवर (जमानतदार), प्लॉट नं. 05, पट्टा नं. 15, मुंशी रामदास जी का रास्ता, महर हाउस के सामने, चोकडी गंगापोल, जयपुर राजस्थान। नोटः यहाँ निर्धारित की गई नीलामी बिक्री एसए नं. एसए/923/2025 के अधीन होगी।	दिनांक 30.1.2025 एवं 05.02.2025 तक बकाया राशि रु.58,96,554/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटाकर, यदि कोई हो।	सामिक बंधकः श्री मोहम्मद आदिल के नाम से जी+2 मंजिला आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो प्लॉट नं. 05, पट्टा नं. 15, मुंशी रामदास जी का रास्ता, महर हाउस के सामने, चोकडी गंगापोल, जयपुर राजस्थान में स्थित है। क्षेत्रफल 104.04 वर्गमीटर। संपत्ति की सीमाएं:- उत्तरः अन्य मकान, दक्षिणः अन्य मकान, पूर्वः अन्य मकान, पश्चिमः 20 चौड़ी सड़क	सांकेतिक कब्जा / विद्याधर नगर	आरक्षित मूल्य- रु. 86,70,000/- (रुपये छियासी लाख सत्तर हजार मात्र) एवं ईएमडी - रु. 8,67,000/- (रुपये आठ लाख सड़सठ हजार मात्र)

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 11.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।

बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 17.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

दिनांक 31.10.2026 स्थानः– जयपुर

गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबरः9763923662

DNJ-416496